# दिल्ली चमकाने को एमसीडी ने बनाया एक्शन प्लान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली को साफ, सुंदर, व्यवस्थित और समस्या मुक्त बनाने के लिए एमसीडी ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। राष्ट्रीय और अंत. रराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों, वीवीआईपी कार्यक्रमों, प्रदर्शनी और बड़े आयोजनों से पहले राजधानी में विशेष तैयारी की जाएगी।

राजधानी को विदेशी शहरों की तरह निखारा जाएगा। एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार ने सभी विभागों, जोनल डिप्टी कमिश्नरों और फील्ड अधिकारियों को विशेष दिशा- निर्देश जारी करते हुए कहा है कि दिल्ली की बेहतर छवि बनाए रखने के लिए समन्वय, जवाबदेही और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एमसीडी के अनुसार योजना के तहत साफ- सफाई, सुंदरीकरण, सड़कों की मरम्मत, हरियाली बढ़ाने, अतिक्रमण हटाने, स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने, सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था सुधारने व कूड़ा प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी।

आयोजन स्थलों और प्रमुख मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि कहीं भी गंदगी या अव्यवस्था नजर न आए। आयुक्त संजीव खिरवार के मुताबिक, दिल्ली लगातार राष्ट्रीय और अंत. रराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी करती है। इनमें राष्ट्राध्यक्ष, विदेशी प्रतिनिधि मंडल, राजनयिक और उद्योग जगत के प्रमुख शामिल होते हैं। ऐसे में राजधानी की नागरिक सुविधाओं और सफाई व्यवस्था पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नजर रहती है। इसलिए दिल्ली को विश्वस्तरीय सुविधाओं वाली राजधानी के रूप में प्रस्तुत करना जरूरी है।

एमसीडी ने माना-विभागों में तालमेल की कमी से आती थी समस्या एमसीडी ने स्वीकार किया कि पहले बड़े आयोजनों के दौरान विभागों के बीच तालमेल की कमी, कार्यों में देरी और जवाबदेही स्पष्ट न होने जैसी समस्याएं सामने आई थीं। कई बार एक ही काम अलग-अलग विभागों के करने और निगरानी की कमी से व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं।

## एनईईटी यूजी 2026 परीक्षा में गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच की मांग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जमात-ए-इस्लामी हिंद के तहत काम करने वाले मरकजी तालीमी बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर सलीम इंजीनियर ने एनईईटी यूजी 2026 परीक्षा में गडबड़ी की कड़ी निंदा की है जिसके कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी है। उन्होंने परीक्षा की निष्पक्षता को बनाए रखने में विफल रहने तथा चिकित्सा क्षेत्र में देश की सेवा करने के आकांक्षी लाखों छात्रों के भविष्य को खतरे में डालने के लिए सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को जिम्मेदार ठहराया है। मीडिया को जारी एक बयान में तालीमी बोर्ड के चेयरमैन ने कहा कि हम नीट यूजी 2026 परीक्षा में हुई उन गडबड़ी की कड़ी निंदा करते हैं जिनके कारण इस परीक्षा को रद्द करना पड़ा। नीट परीक्षा देश की सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी प्रवेश परीक्षाओं में से एक है जिसमें हर साल 20 लाख से भी ज्यादा छात्र शामिल होते हैं।

प्रोफेसर सलीम इंजीनियर ने आगे कहा नेशनल टेस्टिंग एजेंसी का नीट यूजी 2026 परीक्षा को रद्द करने और उसे दोबारा आयोजित करने का फैसला, साथ ही सरकार का इस मामले को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन को सौंपने का कदम, परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की गंभीरता की साफ तौर पर स्वीकारोक्ति है। हालाँकि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए यह निर्णय आवश्यक था लेकिन इसने लाखों छात्रों और उनके परिवारों के लिए भारी मानसिक कष्ट और अनिश्चितता पैदा कर दी है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डॉ. सरमा को दूसरी पारी के लिए दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गुवाहाटी/नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता असम के गुवाहाटी में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरी बार शपथ लेने पर डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ऐतिहासिक जनादेश डॉ. सरमा के नेतृत्व, जनसेवा के प्रति समर्पण और असम की जनता के उनके प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में असम ने विकास, सुशासन, इन्फ्रास्ट्रक्चर, निवेश, सांस्कृतिक संरक्षण और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम ने पूर्वोत्तर भारत के विकास मॉडल के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित की है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश के पूर्वोत्तर राज्यों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य हुआ है।

आज असम तेज गति से इन्फ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, पर्यटन, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। साथ ही, देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री के रूप में दोबा. रा शपथ ले रहे भाजपा नेता हिमंता बिस्वा सरमा की यह लगातार दूसरी पारी उनके परिश्रम, जनसेवा के प्रति समर्पण और जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। जनता ने विकास, स्थिरता और राष्ट्रहित की राजनीति को अपना समर्थन दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास, सांस्कृतिक गौरव और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि विकसित भारत और विकसित असम की यात्रा आने वाले समय में और अधिक गति प्राप्त करेगी तथा असम नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

असम प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुवाहाटी स्थित सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ मां कामाख्या देवी, मां बगलामुखी देवी और भगवान शिव के प्रसिद्ध उमानंद मंदिर में दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

# नर्सों के बीच पहुंचीं सीएम रेखा गुप्ता, बढ़ाया उनका हौसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की पूर्व संध्या पर लोकनायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अस्पताल के अलग-अलग वार्डों में जाकर नर्सिंग स्टाफ से मुलाकात की और उनके निस्वार्थ सेवा भाव की सराहना की।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बेहद आत्मीयता के साथ नर्सों से बातचीत की। उन्होंने न केवल उनके कार्य अनुभवों को साझा किया, बल्कि प्रतीक स्वरूप उन्हें फूल भेंट कर सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री के इस सरल व्यवहार को देखकर नर्सिंग स्टाफ भावुक हो उठा। कई नर्सों ने मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी ली और इसे अपने करियर का सबसे यादगार पल बताते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता और संवेदनशीलता की पराकाष्ठा है। डॉक्टर यदि उपचार करते हैं तो नर्सें अपनी ममता और देखभाल से मरीज को नया जीवन देती हैं। कठिन परिस्थितियों में आपका धैर्य हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने अस्पताल में कार्यरत विभिन्न राज्यों (केरल, राजस्थान, पंजाब आदि) के नर्सिंग स्टाफ से विशेष तौर पर बात की।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता के पीछे देश के कोने-कोने से आए इन जांबाज स्वास्थ्यकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री ने संवाद के दौरान बताया कि दिल्ली सरकार ने 27 साल का लंबा इंतजार खत्म करते हुए नर्सिंग इंटर्न्स के स्टाइपेंड में 27 गुना की रिकॉर्ड वृद्धि की है।



सीएम रेखा गुप्ता अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर नर्सों के बीच पहुंचकर उनका हौसला बढ़ाती हुई।

## एक नजर

### भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** राइटलैंड ने सोनीपत में एनएच- 334बी पर स्थित अपने भव्य और महत्वाकांक्षी पर्यटन परियोजना श्नेक्स्ट जेनरेशन टाउनशिपश का भूमि पूजन किया। यह प्रोजेक्ट सोनीपत में आधुनिक सुविधाओं से युक्त लैक्स टाउनशिप में से एक माना जा रहा है, जिसमें आने वाली पीढ़ियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर भावेश अग्रवाल, सह-संस्थापक और सीईओ, राइटलैंड ने बताया कि, ष्यह भूमि पूजन केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि हर उस परिवार और निवेशक द्वारा किया गया वादा है जो बेहतर भविष्य और बेहतर जीवन का सपना देखता है।

### इनोवेशन अवाड्र्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली।** कैविनकेयर ने मद्रास मैनेजमेंट एसोसिएशन के सहयोग से 15वें कैविनकेयरख्एमएमए चिन्नीकृष्णन इनोवेशन एवं महान विचार पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। यह राष्ट्रीय मंच देशभर के स्टार्टअप, एमएसएमई, शोधकर्ताओं, छात्रों और नवप्रवर्तकों को उनके अभिनव विचारों और समाधानों के लिए सम्मानित करता है। इस वर्ष पुरस्कारों में 'महान विचार' श्रेणी को नए स्वरूप में फिर से शुरू किया गया है। पहले इस श्रेणी में केवल एक विजेता चुना जाता था, लेकिन अब 10 उत्कृष्ट विचारों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि इससे शुरुआती स्तर के नवाचारों को प्रोत्साहन मिलेगा और युवा प्रतिभाओं को अपने विचारों को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

### पेंशन फंड का स्पॉन्सर बनने की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड को पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी से नेशनल पेंशन सिस्टम के तहत पेंशन फंड का स्पॉन्सर बनने की मंजूरी मिल गई है। यह मंजूरी पीएफआरडीएद्वारा पेंशन फंड स्पॉन्सर के चुनाव के लिए जारी किए गए रजिस्ट्रेशन दिशा-निर्देशों के जवाब में मोतीलाल ओसवाल एएमसी की ओर से दिए गए आवेदन के बाद मिली है। प्रतीक अग्रवाल, एमडी और सीईओ , मोतीलाल ओसवाल एएमसी ने कहा, कि एनपीएस इकोसिस्टम में हमारी एंट्री के जरिए हम एक रिसर्च-आधारित, उच्च-विश्वास और लंबे समय वाला निवेश दृष्टिकोण लाना चाहते हैं ।

### घरेलू शिक्षा ऋण सेवाओं का किया विस्तार

**नई दिल्ली।** शिक्षा-केंद्रित एनबीएफसी ऑक्सिलो फिनसर्व ने अपने घरेलू शिक्षा ऋण व्यवसाय इंडिया-एड का विस्तार करते हुए एक नई सुविधा शुरू की है। इसके तहत अब देशभर के पंजीकृत स्कूलों और कॉलेजों को सीधे फीस भुगतान की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम स्कूली शिक्षा से लेकर स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के इंजीनियरिंग, मेडिकल व मैनेजमेंट जैसे सभी प्रमुख पाठ्यक्रमों को कवर करता है। आनंद सुब्रमण्यम के अनुसार, "ऑनलाइन आवेदन, मात्र 48 घंटों के भीतर लोन का वितरण और सीधे संस्थानों को भुगतानख्ये खूबियाँ पूरी प्रक्रिया को बेहद सरल बनाती हैं। इससे स्कूलों और कॉलेजों को समय पर फीस मिलने की निश्चितता होती है, वहीं परिवारों को बच्चों की शिक्षा में निवेश करने का एक व्यवस्थित और सम्मानजनक विकल्प मिलता है।

### इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स में दर्ज हुआ नाम

**नई दिल्ली।** संगीतकार, गायक और गंधर्व संगीत अकादमी के निदेशक डॉ. दीपक मेहता ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और रचनात्मकता के दम पर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया। भारत सरकार द्वारा पंजीकृत इस प्रतिष्ठित रिकॉर्ड संस्था ने डॉ. दीपक मेहता को आधिकारिक तौर पर "रिकॉर्ड धारक" के रूप में मान्यता दी है। उन्हें यह सम्मान भारत के पहले और एकमात्र ऐसे संगीतकार के रूप में मिला है, जिन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को समर्पित सभी 12 गीतों को स्वयं लिखा, संगीतबद्ध किया, निर्मित किया, कंपोज किया और अपनी आवाज में गाया। यह उपलब्धि केवल एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि संगीत के प्रति उनके समर्पण, मेहनत और बहुमुखी प्रतिभा का प्रतीक है।

### चालकों के नाम पर ही होंगे ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन

**क्षशाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** परिवहन विभाग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विभाग ने 21 अप्रैल, 2022 को जारी अपना वह सर्कुलर वापस ले लिया है। यह सर्कुलर कंपनियों और फर्मों को अपने नाम पर कई ई-कार्ट और ई-रिक्शा पंजीकृत कराने की अनुमति देता था। अब व्यक्तिगत चालक के नाम पर पंजीकरण होगा, जो 15 मई से पंजीकरण शुरू होगा। यह निर्णय व्यक्तिगत ई-रिक्शा चालकों के हितों की रक्षा के लिए लिया गया है। इसका उद्देश्य कॉर्पोरेट एकाधिकार पर लगाम लगाना है। सरकार हजारों वंचित चालकों को सशक्त बनाना चाहती है। इस कदम से ई-रिक्शा पंजीकरण के फायदे राजधानी दिल्ली के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेंगे।

# दिल्ली पुलिस ने किया 'मेगा ड्रग डिस्ट्रक्शन इवेंट' का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप राज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में एसएसआई इंडस्ट्रियल एरिया जी टी करनाल रोड में 9 वें मेगा ड्रग डिस्ट्रक्शन इवेंट' का आयोजन किया गया। इस दौरान उपराज्यपाल ने 2027 तक 'नशामुक्त दिल्ली' के लक्ष्य को और अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करने के लिए दिल्ली के पहले विशेष 'एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स' (एएनटीएफ) थाने की स्थापना की भी घोषणा की। इस अवसर पर उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने इस बात पर जोर दिया कि यह कार्यक्रम केवल जब्त किए गए नशीले पदार्थों को नष्ट करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उस पूरे तंत्र को खत्म करने के बारे में है जो हमारे युवाओं को खतरे में डालता है। परिवारों को कमजोर करता है और पूरे समाज के भविष्य को नुकसान पहुँचाता है।

प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित 'नशामुक्त भारत' के लक्ष्य और गृह मंत्री के दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए, उपराज्यपाल ने कहा कि आज का नशीले पदार्थ नष्ट करने का कार्यक्रम केवल पदार्थों को नष्ट करने के बारे में नहीं है बल्कि एक विनाशकारी मानसिकता को हराने और आने वाली पीढ़ी की रक्षा करने के बारे में है। उन्होंने राजधानी शहर में नशीले पदार्थों के खिलाफ दिल्ली पुलिस के लगातार अभियान की भी सराहना की और सभी संबंधित पक्षों से 2027 तक दिल्ली को 'नशामुक्त' बनाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। दिल्ली के विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि नष्ट किए गए नशीले पदार्थों में गांजा (1610 किला. ग्राम), चरस (21 किलोग्राम), हेरोइन (11 किलोग्राम), कोकीन (591 ग्राम), कैनेबिस सैटिवा (21 किलोग्राम), अल्प्राजोलम टैबलेट (30 किलोग्राम)ख्शामिल है।

# हरियाणा में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** हरियाणा में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। रेस्पायर लिविंग साइंसेज की नई रिपोर्ट के मुता. बिक राज्य में पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर राष्ट्रीय मानकों से दोगुने से भी ज्यादा है। वहीं अमोनिया के स्तर में 8% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि और पशुधन से निकलने वाली अमोनिया दूसरे कण प्रदूषण की बड़ी वजह बन रही है।गुरुग्राम-फरीदाबाद सबसे प्रदूषित रिपोर्ट में 2024 से 2026 तक 31 निगरानी केंद्रों का आंकड़ा खंगाला गया। पीएम 2.5 का सालाना औसत 62.51 से 77. 38 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर के बीच रहा, जबकि भारत का मानक सिर्फ 40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। पीएम 10 का स्तर 123.44 से 141.68 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पहुंच गया, जो 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर की सीमा से दोगुना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा वायु गुणवत्ता प्रबंधन योजना में दूसरे कणों की अनदेखी हो रही है। कई निगरानी केंद्र औद्योगिक क्षेत्रों के पास हैं, जिससे ग्रामीण इलाकों की कृषि अमोनिया पकड़ में नहीं आती।



दिल्ली के उप राज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में एसएसआई इंडस्ट्रियल एरिया जी टी करनाल रोड में 9वें मेगा ड्रग डिस्ट्रक्शन इवेंट' का आयोजन किया गया।

# हिन्दूराव अस्पताल में नर्सों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्षा श्रीमती सत्या शर्मा ने अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था जम जम फाउन्डेशन के द्वारा हिन्दूराव अस्पताल में आयोजित एक सम्मान समारोह में अस्पताल में नि:स्वार्थ सेवा भाव से कार्य करने वाली नर्सों को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया



सत्या शर्मा ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को जल्द से जल्द स्वस्थ लाभ मिले इसके लिए डॉक्टर्स के साथ साथ नर्सों की भी बहुत बड़ी भूमिका होती है आज अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर मैं अपनी ओर से आप सभी को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूँ जम जम फाउन्डेशन के प्रमुख संरक्षक योगेन्द्र सिंह मान ने कहा कि हमारा फाउंडेशन उन सभी व्यक्तियों का सम्मान करने का प्रयास करता है जो सेवा में हैं, लेकिन उनकी सेवाओं की सराहना उपयोग कर्ताओं द्वारा की जाती है। आज 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के अवसर पर नर्सों को सम्मानित करने का दिन है। इस अवसर पर हिन्दूराव अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुमन मेहंदीरत्ता ने कहा कि मैं मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल की सेवाओं में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हूँ। हालांकि उन्होंने हाल ही में कार्यभार संभाला है, लेकिन मरीज और उनके तीमारदार पहले से ही सेवाओं में आए बदलाव को महसूस कर रहे हैं ।

# दिल्ली के सभी गांव कागजों में बन चुके शहर, मूलभूत सुविधाएं नदारद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अधिकारिक रूप से एक भी गांव नहीं बचा है। हाल ही में 48 गांवों को शहरीकृत घोषित किए जाने के साथ ही दिल्ली के सभी 352 गांव शहरीकृत श्रेणी में शामिल हो गए हैं।

एमसीडी ने आठ चरणों में यह प्रक्रिया पूरी की है। हालांकि छह दशक से अधिक समय तक चली इस प्रक्रिया के बावजूद अधिकांश गांवों की तस्वीर आज भी नहीं बदली है और ग्रामीणों को शहर जैसी मूलभूत सुविधाओं का इंतजार है। दिल्ली में गांवों को शहरीकृत घोषित करने की शुरुआत पहले मास्टर प्लान के लागू होने के बाद वर्ष 1963 में हुई थी। उस समय 19 गांवों को शहरीकृत गांव का दर्जा दिया गया था। उसके तीन वर्ष बाद 1966 में 72 और गांवों को इस श्रेणी में शामिल किया गया। जबकि दूसरे मास्टर प्लान के दौरान वर्ष 1982 में 24 गांवों को शहरीकृत घोषित किया, जबकि 1994 में 20 अन्य गांव इस सूची में जोड़े गए। तीसरे मास्टर प्लान और लैंड पुलिंग पॉलिसी लागू होने के बाद शहरीकरण की प्रक्रिया ने तेजी पकड़ी। वर्ष 2017 में 89 गांवों को शहरीकृत घोषित किया गया। उसके बाद 2019 में 79 और 2021 में एक गांव को यह दर्जा मिला। अब वर्ष 2026 में शेष बचे 48 गांवों को भी शहरीकृत घोषित कर दिया गया है।

इस तरह दिल्ली में गांवों का अस्तित्व प्रशासनिक रूप से पूरी तरह समाप्त हो गया है। लेकिन अधिकांश गांव आज भी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। कई गांवों में संकरी गलियां, अव्यवस्थित निर्माण, पार्किंग की समस्या, जल निकासी की कमी और खराब सड़कें आज भी बड़ी चुनौती हैं।

### डेलनाज ईरानी बनी 'चांदनी'

**नई दिल्ली।** सोनी सब का शो यादें अपनी भावनात्मक कहानी और गहराई से बुने किरदारों के सफर के साथ दर्शकों को लगातार जोड़े हुए है। चल रही कहानी में एक नया दिलचस्प मोड़ जोड़ते हुए, अनुभवी अभिनेत्री डेलनाज ईरानी शो में खास भूमिका निभाने जा रही हैं। अपनी यादगार परफॉर्मेंस और जीवंत स्क्रीन प्रेजेंस के लिए मशहूर डेलनाज ईरानी का 'चांदनी' के रूप में शो में आना कहानी को एक नया आयाम देने वाला है। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए डेलनाज ईरानी ने कहा, "चांदनी के बारे में मुझे सबसे ज्यादा यह पसंद है कि वह एक साथ ड्रामेटिक, ग्लैमरस, इमोशनल और नाजुक है।

# बाबा हरदेव सिंह को अर्पित समर्पण दिवस आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** जब किसी महान आत्मा का जीवन मानवता के कल्याण हेतु पूर्णत: समर्पित हो जाता है, तब उसकी स्मृतियाँ केवल इतिहास का अध्याय नहीं रहतीं, बल्कि युगों-युगों तक जनमानस के लिए प्रेरणा का दिव्य स्रोत बन जाती हैं। ऐसे ही मानवता, प्रेम, विनम्रता और आध्यात्मिक जागृति के अद्वितीय प्रतीक युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति को समर्पित 'समर्पण दिवस' का भावपूर्ण आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं श्रद्धेय निरंकारी राजपिता जी के सान्निध्य में आज बुधवार, 13 मई 2026 को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में सायं 5:00 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उसके उपरांत श्रद्धालु सतगुरु माता जी के आशीर्वचनों को श्रवण करेंगे। वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज उसी दिव्य परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रेम, सेवा, संयम और आध्यात्मिक चेतना के संदेश को जन-जन तक पहुँचा रही हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎011-41509401-2

फैक्स: 011-41509403

मुख्यालय मोबाइल 9720007290

R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एस.डी.जी.आई ग्लोबल विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह मंगलवार को बेहद भव्य और यादगार माहौल में संपन्न हुआ। पूरे परिसर में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। पारंपरिक अकादमिक परिधान में सजे छात्र-छात्राओं के चेहरों पर सफलता की चमक साफ नजर आ रही थी।



समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मिजोरम के महामहिम राज्यपाल जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में साउथ एशियन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) के. के. अग्रवाल शामिल हुए। इसके अलावा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल, प्रति-कुलाधिपति नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, बोर्ड सदस्य राजीव अग्रवाल, प्रति-कुलाधिपति (प्रशासन) पीयूष श्रीवास्तव, प्रति कुलाधिपति (शैक्षणिक) विमल कुमार शर्मा, कुलपति प्रो० डा० प्रसेनजीत कुमार कुलसचिव डा0 राजीव रतन, सभी निदेशकगण, शिक्षकगण, अभिभावक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी समारोह में उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और छात्रों की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि एस.डी.जी.आई ग्लोबल विश्वविद्यालय लगातार शिक्षा, रिसर्च और नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है।

कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डिग्री सिर्फ एक कागज नहीं, बल्कि मेहनत, संघर्ष और सपनों की जीत का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को जीवन में ईनानदारी, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

मुख्य अतिथि जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल करियर बनाने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की ताकत भी है।

कुलसचिव डा0 राजीव रतन द्वारा मौजूद सभी अत्तथिगणों, शिक्षकों, छात्रों तथा उनके अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापन दिया गया और राष्ट्रीय गान के साथ समारोह का समापन हुआ। दीक्षांत समारोह के बाद विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों, दोस्तों और परिवार के साथ तस्वीरें खिंचवाई और इस खास दिन को यादगार बनाया।

# श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में मातृ दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में ग्रीटिंग कार्ड व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की छठी से दसवीं तक की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर तथा ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए जिनमें मातृत्व के प्रेम, त्याग और सम्मान को सुंदर ढंग से दर्शाया गया था।

छात्राओं ने अपनी माता जी के नाम को अंकित कर इस दिवस को रचनात्मक पहचान दिला दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम शर्मा ने छात्राओं की कला व रचनात्मकता की सराहना करते हुए सभी का उत्साहवर्धन कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। प्रतियोगिता में निम्न छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# ट्रांसफर स्टेशन पर लगा कूड़े का ढेर दुर्गंध से लोगों का हुआ जीना मुहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट- 4 सौर ऊर्जा मार्ग स्थित नगर निगम के ट्रांसफर स्टेशन पर कूड़े का ढेर लगाकर उसे डंपिंग स्टेशन में बदल दिया गया है। रोजाना आसपास के क्षेत्र से कूड़ा लाकर डंप किया जा रहा है और उसे महीनो तक नहीं उठाया जा रहा है कूड़े के ढेर बिल्कुल कंपनियों के सामने व दीवारों के नजदीक लगे हैं। फैक्ट्रीयो के अंदर और आसपास की स्थिति कूड़े के ढेर के कारण बहुत खराब हो रही है, मक्खियां और दुर्गंध फैल रही है, जिससे उद्योगो में काम करना असंभव हो गया है। कर्मचारी व श्रमिकों को गंदगी की वजह से स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो रही है, आसपास की कई कंपनियों में श्रमिकों ने आना बंद कर दिया है। कई फैक्ट्रीया ने यहां से अब दूसरी जगह शिफ्ट करने की बात कही हैं तथा ट्रांसफर स्टेशन के नजदीक प्राथमिक विद्यालय भी है जिसमें सैकड़ो बच्चो को भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है एसोसिएशन ने इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है लेकिन अभी तक समाधान नहीं हो पा रहा है।



# आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ क्षतिग्रस्त

**अफजलगढ़।** आज सुबह करीब नौ बजे अचानक मौसम बदल गया। आसमान में काले बादल छा गए और तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान ग्राम पुक्खेवाला निवासी जाकिर हुसैन पुत्र मेंहदी हसन उर्फ भोले के घर के बाहर खड़े जामुन के पेड़ पर तेज धमाके के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। बिजली गिरने से पेड़ की कई शाखाएं टूटकर नीचे गिर पड़ीं। आकाशीय बिजली के प्रभाव से जाकिर हुसैन के घर में रखे मोबाइल, फ्रिज, वाशिंग मशीन, इनवर्टर, एलसीडी, पंखे कई उपकरण जल गए। जाकिर हुसैन ने बताया कि घटना से उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

# एसएससी में चयनित हुए युवा को वैश्य समाज ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** स्थानीय भूपेंद्रपुरी कॉलोनी निवासी व्यवसायी कपिल गर्ग के पुत्र अंकित गर्ग को एसएससी में ऑल इंडिया स्तर पर 2240 रैंक लाकर एएसओ पद पर चयनित होने पर मोदीनगर के वैश्य समाज के प्रतिष्ठित लोगो ने सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया!



भगवान गंज मंडी में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ पवन सिंघल के कार्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इतनी अच्छी रैंक प्राप्त कर व सरकारी अधिकारी बन कर अंकित ने वैश्य समाज के साथ साथ पुरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

डॉ पवन सिंघल ने अंकित को आशीर्वाद देते हुए कहा कि अंकित कि इस उपलब्धि से वैश्य समाज में प्रसन्नता है इससे युआवो को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी!

सम्मानित करने वालो में प्रमुख रूप से व्यापारी नेता अरविंद अग्रवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश तायल, एम एम कॉलेज के प्राचार्य दीपक अग्रवाल, वैभव सिंघल, विवेक सिंघल, कांतिप्रसाद बाली, सतीश गुप्ता एडवोकेट, नीरज गुप्ता, अमित गर्ग, राकेश सिंघल, राघवेंद्र गुप्ता, दीपक अग्रवाल फरीदनगर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# खेलों से होता है व्यक्ति का सर्वांगीण विकास विनोद वैशाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गोविंदपुरी स्थित छाया पब्लिक स्कूल के खेल परिसर में सीपीएस इंटरनेशनल स्केटिंग अकैडमी का रंगारंग कार्यक्रम के साथ विधिवत उद्घाटन शहर नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली व प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी जी द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया।



इस अवसर पर नगर पालि. का अध्यक्ष विनोद वैशाली ने कहा कि खेलों के द्वारा व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है और वह शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व सामाजिक दृष्टि से बेहद मजबूत बन जाता है।

खेलों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है और सभी को खेल खेलना चाहिए वर्तमान समय में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के खेलो इंडिया कार्यक्रम से आज देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी मिले हैं संस्था के प्रबंधक व बैडमिंटन के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी अखिलेश द्विवेदी ने कहा की खेल व्यक्ति को मजबूत बनाने का सबसे सीधा और सरल माध्यम है और खेलों के द्वारा आदमी बीमारियों से अपने आप को बचा सकता है। प्रधानाचार्य डॉक्टर अरुण त्यागी ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और कहा कि इस अकादमी से जल्दी शहर को अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्केटिंग खिलाड़ी देखने को मिलेंगे इस अवसर पर राष्ट्रीय कोच जितेंद्र पांडे, सभासद ललित त्यागी, प्रदीप शर्मा, खेल प्रशिक्षक आशीष, परवीन, नैना शर्मा प्रीति राठी समेत शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

# पहिए चोरी कर चोर कार को ईटों पर खड़ा कर गए

**साहिबाबाद।** थाना कौशांबी क्षेत्र में चोर एक कार के पहिए चोरी करके ले गए और कार को ईंटों के सहारे खड़ी करके चले गए। इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ पहिए चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ममता पत्नी संजय गुप्ता पुत्री रघुनाथ निवासी 118 सेक्टर 2 वैशाली ने अपने घर के बाहर कार को खड़ा किया था। 4 मई की सुवह 10:00 बजे उन्होंने देखा कि उनकी गाड़ी के अज्ञात चोर दो पहिए रिम सहित चोरी करके ले गए हैं और कार को ईटों पर खड़ा कर गए हैं। इस संबंध में थाना कौशांबी पुलिस ने अज्ञात अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भू-माफियाओं के खिलाफ नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** गोरक्षा वाहिनी संघ ने मुरादनगर नगर पालिका कीपे अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने भू माफियाओं के खिलाफ अपनी मांगे रखी। भूमाफियाओं द्वारा सामान्य नागरिकों पर दबाव बनाकर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी संघ सदैव प्रत्येक आम नागरिक के साथ खड़ी है चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम हमारा स्पष्ट मत है कि मुरादनगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार से भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा अथवा उत्पीड़न स्वीकार नहीं किया जाएगा वहां पर मौजूद गौ रक्षा वाहिनी संघ के पदाधिकारी एवं कुलदीप त्यागी प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी संघ मौजूद रहे।

### शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के संबंध में

# पुलिस कमिश्नर से मिला सपा प्रतिनिधि मण्डल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एवं वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष की अगुवाई में कैला भट्टा क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिशों को रोकने व शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के संबंध में समाजवादी पार्टी प्रतिनिधि मंडल पुलिस कमिश्नर से मिला।



पिछले कुछ दिनों से शहर के कैला भट्टा क्षेत्र में कुछ बाहरी शरारती तत्वों द्वारा हिंदू-मुस्लिम समुदायों के बीच वैमनस्य और नफरत फैलाने की कोशिशें की जा रही हैं। हमारा शहर हमेशा से शगंगा-जमुनी तहजीबश और भाईचारे के लिए जाना जाता रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस कमिश्नर गजियाबाद से ने निवे. दन किया कि शहर की शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाएं ताकि भविष्य में कोई अप्रिय घटना न हो। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष, वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष, अभिषेक गर्ग प्रदेश सचिव, सिकंदर यादव पूर्व मेयर प्रत्याशी, असलम कुरैशी जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, शाहनवाज खान विधानसभा अध्यक्ष सदर गाजियाबाद शामिल रहे।

# दो वाहन चोरों से चोरी की दो स्कूटी सहित आठ बाइक बरामद

**साहिबाबाद।** थाना खोड़ा पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही से झाड़ियां में छुपा कर रखी गई दो स्कूटी और 5 और बाइक बरामद की हैं। इस तरह कुल 8 दो पहिया वाहन चोरी के बरामद किए गए हैं। इंदिरापु. रम के एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने खोड़ा थाने पर आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि थाना खोड़ा पुलिस की टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी तभी नहर की पटरी लोधी चौक से 1 चोरी की बाइक सहित 2 व्यक्तियों की गिरफ्तार किया गया था। बाद में इनकी निशानदेही से इंदिरापुरम अंडरपास के पास खाली मैदान में झाड़ियां में छुपा कर रखी गई पांच अन्य बाइक और 2 स्कूटी बरामद की गईं।

### एचएलएम लीग ऑफ इमरजिंग प्लेयर में

# एचएलएम थ्री-एस क्रिकेट एकेडमी की शानदार जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एचएलएम कॉलेज ग्राउंड में आयोजित 14वीं 'HLM League of Emerging Players' क्रिकेट टूर्नामेंट में थ्री-एस क्रिकेट एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए Carpediem Cricket Academy को 278 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की।



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए थ्री-एस क्रिकेट एकेडमी ने 40 ओवर में 380/6 का विशाल स्कोर बनाया। टीम की ओर से पृथ्वीराज सिंह ने शानदार 105 रन, अलंकृत त्यागी ने 67 रन तथा रुद्र मणि तिवारी ने 56 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। जवाब में Carpediem Cricket Academy की टीम 33 ओवर में मात्र 102 रन पर ऑलआउट हो गई। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और अनुशासित खेल भावना ने दर्शकों का भरपूर मनो. रंजन किया। कार्यक्रम के आयोजन में कॉलेज के निदेशक डॉ. अनुज अग्रवाल, सहायक निदेशक डॉ. धीरज कुमार शर्मा जी, बी.टेक निदेशक डॉ. पंकज कुमार उपस्थिति रहे व शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागअध्यक्ष डॉ अर्जुन सिंह पंवार, डॉ अनिल कुमार बाजपेयी व डॉ राजकुमार शर्मा, व कॉलेज के अन्य स्टाफ व शिक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहे। 'एचएलएम कॉलेज एवं एचएलएम थ्री-एस क्रिकेट एकेडमी प्रबंधन ने विज. 'ता टीम को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बाइक सबार की लापरवाही से एक व्यक्ति घायल, मदद का भरोसा देकर मुकरा

**साहिबाबाद।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र में एक बाइक सवार की लापरवाही से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों ने 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।भीड़ ने आरोपी बाइक सवार को पुलिस चौकी तुलसी निकेतन को सौंप दिया। तब बाइक सवार ने कानूनी प्रक्रिया से बचने के लिए इलाज और देखभाल का वादा कर दिया लेकिन बाद में वह वायदे से मुकर गया। इस मामले में थाना टीला मोड़ में आरोपी बाइक सवार के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और 125 बी में मुकदमा दर्ज किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना टीला मोड़ क्षेत्र में मेहंदी हसन पुत्र शराफत निवासी बी 393 जेजे कैंप नई संजय अमर कॉलोनी शाहदरा पूर्वी दिल्ली 1 नवंबर 2025 को मोहन नगर से अपने घर लोनी जा रहे थे, करीब 10:30- 11:00 बजे सुबह जब वह भोपुरा चौक से लोनी रोड पर शिव मंदिर के सामने पहुंचे तब एक बाइक सवार उल्टी दिशा में बाइक लेकर आया और उसको जोरदार टक्कर मार दी। घायल को आसपास के लोगों ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को बुला लिया और उसे पुलिस ने जीटीबी अस्पताल दिल्ली में भर्ती करा दिया तथा आरोपी बाइक सवार को तुलसी निकेतन पुलिस चौकी को सौंप दिया। उस समय आरोपी बाइक सवार ने कहा था कि वह घायल मेहदी हसन का इलाज कराएगा और अन्य मदद करेगा। लेकिन ना उसका इलाज कराया ना कोई मदद की। इस दुर्घटना की वजह से मेहदी हसन के पैरों की हड्डी टूट गई है। इलाज के उपरांत वायदे से मुकरे बाइक सवार के खिलाफ आज थाना टीला मोड़ मेहदी हसन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस मामले में मोटरसाइकिल संख्या डीएल 14 एसवी 4359 के चालक के खिलाफ थाना टीला मोड़ में मुकद्मा दर्ज किया गया है।

# विधायी समाधिकार समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में सभापति उत्तर प्रदेश विधान परिषद वन्दना वर्मा ने विधायी समाधिकार समिति की समीक्षा बैठक ली। सभपति ने हापुड़, गौतमबुद्धनगर तदोपरांत गाजियाबाद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी।




इस दौरान सभी जनपदों समस्त जिलास्तरीय अधिकारी से जनपदों में विभिन्न जिला स्तरीय समितियों में सदस्य विधान परिषद् को नामित किये जाने एवं सदस्य विधान परिषद् की भागीदारी का विवरण और सदस्य विधान परिषद् के द्वारा दिये गये पत्रों के जवाब देने की स्थिति का विवरण लिया। इसके अलावा गृह विभाग से जनपद के क्षेत्रीय सदस्य विधान परिषद् एवं सदस्य विधान सभा को उपलब्ध करायी।

सभापति ने निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों द्वारा प्रेषित प्रस्तावों की स्वीकृति/ अस्वीकृति संबंधी पूर्ण जानकारी संबंधित जनप्रतिनिधि/ सदस्य को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए।

यदि किसी प्रस्ताव की स्वीकृति के लिए संबंधित जनप्रतिनिधि की उपस्थिति अथवा सहयोग अपेक्षित हो, तो उनसे आवश्यकतानुसार संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रस्ताव स्वीकृत होने के उपरांत संबंधित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपादित किया जाए सभापति ने बैठक के समापन के दौरान कहा कि बैठक अत्यंत सफल रही तथा अधिकारियों द्वारा सभी प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत किए गए। बैठक में हापुड़, गौतमबुद्ध नगर एवं गाजियाबाद के सम्बंधित विभागों के विभागाध्यक्ष/ प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रेस कोर्स के नजदीक भाई राम व डीआईडी कैंप होंगे खाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** रेस कोर्स क्षेत्र के पास स्थित मस्जिद कैंप, भाई राम कैंप और डीआईडी कैंप खाली कराए जाएंगे। दिल्ली हाईकोर्ट ने इन कैंपों में रहने वालों को 15 दिन के अंदर इनको खाली करने का आदेश दिया है। अदालत ने रेस कोर्स क्षेत्र के पास रणनी. तिक महत्व के स्थलों की वजह से इन झुग्गी बस्तियों को हटाने के सरकार के फैसले को जायज ठहराया है।

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव की एकल पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर सरकार का यह निर्णय नीतिगत है, जिसमें न्यायालय को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। अदालत ने याचिका कर्ताओं को सावदा- घेवरा स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैटों में शिफ्ट किए जाने का आदेश दिया।

याचियों की ओर से दलील दी गई थी कि इन्हें कैंपों से हटाए जाने के कारण इनकी आजीविका, इनके बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर असर पड़ेगा।

कोर्ट ने माना कि अनुच्छेद 21 के तहत इन्हें वहां रहने का मौलिक अधिकार है, फिर भी मूल स्थान पर पुनर्वास संभव न होने पर वैकल्पिक स्थान पर उनका पुनर्वास किया जा सकता है। कोर्ट ने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) नीति और प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, पानी, सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने लाभार्थी योगदान राशि और रखरखाव शुल्क जमा करने के लिए तीन माह की छूट दिए जाने को भी स्वीकार किया। जिन निवासियों ने अभी आवंटन पत्र नहीं लिया है, उन्हें दस्तावेज सत्यापन के बाद आवंटन पत्र लेकर कब्जा लेने और 15 दिनों में मौजूदा कैंप खाली करने को कहा गया है।

## दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर नहीं रुक रहे प्रतिबंधित वाहन, कैमरे लगाने का प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर प्रतिबंध के बावजूद दोपहिया वाहन, ई-रिक्शा और ऑटो दौड़ रहे हैं। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने प्रतिबंधित वाहनों के ई-चालान के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को कैमरे लगाने का प्रस्ताव भेजा है। पुलिस का मानना है कि इस तरह से प्रतिबंध को सख्ती से लागू किया जा सकता है, वरना प्रावधान कागजी रह जाएगा।

दिल्ली से देहरादून तक यह एक्सप्रेसवे 213 किलोमीटर है, लेकिन दिल्ली और उत्तर प्रदेश की की सीमा में गीता कॉलोनी से लेकर बागपत के खेकड़ा तक तक करीब 26 किलोमीटर में एनएचएआई ने इसके एलिवेटेड खंड पर दोपहिया वाहन, ई-रिक्शा, ऑटो, बैलगाड़ व साइकिल चलाना प्रतिबंधित कर रखा है। एनएचएआई ने इस प्रावधान को करते वक्त स्पष्ट किया था कि इस पर तेज गति में कार व भारी वाहन दौड़ेंगे, ऐसे में धीमी गति से चलने वाले हर तक के वाहन चालकों के साथ दुर्घटना का खतरा हो सकता है। इस प्रावधान को लागू हुए एक माह होने जा रहा है, लेकिन इस पर पूरी तरह अमल नहीं हो पा रहा। दोपहिया वाहन, ई-रिक्शा और ऑटो इस पर चल रहे हैं। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, एक्सप्रेसवे पर बैरिकेड लगाकर इन वाहनों को रोकना मुश्किल काम है। क्योंकि इससे यातायात प्रभावित होगा, जिससे ज्यादा दिक्कत होगी।

# महापौर ने नजफगढ़ जोन में गोयला बायोगैस संयंत्र का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महापौर प्रवेश वाही ने आज निर्माणाधीन गोयला डेयरी स्थित बायोगैस संयंत्र का दौरा किया और प्लांट में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान नजफगढ़ जोन अध्यक्ष सविता शर्मा, दिल्ली नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त बी एस जगलान, नजफगढ़ क्षेत्र के उपायुक्त सुमित कुमार, निर्माण एजेंसी के अधिकारी सहित निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

महापौर ने इस दौरान गोयला सीबीजी प्लांट को सुचारू रूप से क्रियान्वयन में लाने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होनें संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोयला संयंत्र की स्थापना और संचालन में कोई भी अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने कहा कि इस संयंत्र से चलने से क्षेत्र के लोगों को प्रदूषण से राहत मिलेगी और यमुना नदी में गंदगी जाने पर रोक लगेगी।

उन्होंने बताया कि गोयला डेयरी में बायोगैस प्लांट जुलाई माह तक बनकर में तैयार हो जाएगा। वाही ने कहा कि यह प्लांट पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन और स्थानीय स्वच्छता सुधार के लिए एक बड़ा कदम साबित होगा।

दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के विजन के अनुरूप दिल्ली नगर निगम दिल्ली को स्वच्छ व हरित राजधानी बनाने में अपने स्तर पर सभी प्रयास कर रही है।

## उमस ने छुड़ाए पसीने हल्की बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** उमस भरी गर्मी और कड़ी धूप ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। सुबह से ही निकली धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। इस दौरान लोगों को उमस का सामना भी करना पड़ा। मई की शुरुआत में आंधी व हल्की बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ था, लेकिन तीन दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। मौसम विभाग ने धूल भरी आंधी व हल्की बारिश की संभावना जताई थी, लेकिन देर शाम तक मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग ने 13 मई को मौसम का मिजाज बदलने की संभावना जताई है। इसके लिए विभाग पहले ही येलो अलर्ट जारी कर चुका है। इस दौरान अधिकतम तापमान 34-36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25-27 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।

# टिल्लू गैंग का बदमाश पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहबाद डेयरी इलाके में दुश्मन गैंग के गुर्गे की फ्लिडिंग सजाने के लिये रेकी कर रहे टिल्लू गैंग के बदमाश को पुलिस ने पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान स्वतंत्र नगर इलाके में रहने वाले योगेश के रूप में हुई है। पुलिस आरोपी से उसके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के पकड़े जाने के बाद एक गैंगवार की वारदात को होने से पहले ही खत्म कर दिया है। जानकारी के मुता. बिक एसीपी जोगिंदर सिंह की देखरेख में एसएचओ राजेश मालिक के निर्देशन में पुलिस टीम इलाके में बदमाशों पर नजर बनाए हुए है। एक टीम जब शमशान घाट के पास गश्त कर रही थी। उसी वक्त योगेश को अकेला देखकर शक हुआ था। जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश की थी।

पुलिस टीम ने उसको मौके पर ही पकडकर तलाशी में पिस्टल और कारतूस बरामद किया। पूछताछ करने पर पता चला कि वह टिल्लू गैंग का सदस्य है और सात वारदातों में शामिल रहा है। उसके पास से जब्त हथियार उसने रोहिणी इलाके में रहने वाले एक युवक से लिये थे। जिसको पकडने की को. शिश की जा रही है।




**दिल्ली पुलिस की विशेष पहल 'ऑपरेशन विश्वास' के तहत बरामद किए गए चोरी व गुम हुए मोबाइल फोन एक समारोह में उनके असली मालिकों को सौंपते हुए।**

# एलजी ने चोरी के फोन असली मालिकों को सौंपे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विशेष पहल 'ऑपरेशन विश्वास' के तहत बरामद किए गए 12,600 चोरी/गुम हुए मोबा. इल फोन एक समारोह में उनके असली मालिकों को सौंप दिए गए। इस समारोह की अध्यक्षता उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने की। दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस स्थित मल्टी-पर्पस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में दिल्ली के पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा,विशेष आयुक्त सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा, कई आरडब्ल्यूए और एमडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

इस अवसर पर उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू ने इस पहल को शुरू करने और इसे सफलतापूर्वक लागू करने के लिए दिल्ली पुलिस की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी नागरिक के चेहरे पर मुस्कान, परिवार को मिलने वाली राहत और व्यवस्था पर बढ़ने वाला भरोसा ही इस पहल की असली सफलता है। उपराज्यपाल ने कहा कि दिल्ली के सभी जिलों में एक साथ 12,600 से ज्यादा मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सौंपना एक शानदार ऑपरेशनल उपलब्धि है।इस पहल ने अपराधियों को एक साफ संदेश दिया है कि वे बच नहीं सकते, क्योंकि सिस्टम अब ज्यादा स्मार्ट, तेज और ज्यादा कनेक्टेड होता जा रहा है। उपराज्यपाल ने जोर देकर कहा कि दिल्ली पुलिस नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग को मजबूत करना जारी रखेगी।

# बवाना लूट निकली फजी: बेटे को कैश देकर खुद तोड़े कार के शीशे

**शिकायतकर्ता ने ही की थी पीसीआर कॉल**

**बाप-बेटा गिरफ्तार,सौ फिसदी रकम भी जब्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके में सोमवार के दिन कार के शीशे तोड़कर बाइक सवार बदमाशों ने 17 लाख 75 हजार रुपये की लूट की खबर सामने आई थी।

मामले में कार चालक ने पुलिस को पूरी कहानी बताई थी। मगर जांच करने पर चालक की पूरी कहानी मनगढ़ंत थी। फर्जी लूट की वारदात में पुलिस ने कार चालक और उसके बेटे को गिरफ्तार करक पूरी रकम बरामद और वारदात में इस्तेमाल बाइक जब्त कर ली। दोनों बाप बेटे पेशे से ड्राइवर हैं।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार शाम को डीएसआईआईडीसी बवाना, सेक्टर-2 गोल चक्कर के पास लूट होने की एक पीसीआर कॉल मिली थी।

पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता, नरेश (सीताराम का बेटा), ने बताया कि जब वह अपने मालिक के दिये 17 लाख 75 हजार रुपये इनोवा कार से ले जा रहा था।

अचानक से बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसकी कार के शीशे पत्थर मारकर तोड़ दिये। सीट पर रखा बैग,जिसमें 17 लाख 75 हजार रुपये रखे हुए थे,लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया। एसीपी जो. गिंदर सिंह की देखरेख में आईपीएस गौरव सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम को आरो. पियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और लोगों से पूछताछ की।

फुटेज में कुछ संदिग्ध नहीं दिखाई दिया। कथित लूट से पहले शिकायतकर्ता की गाड़ी असामान्य रूप से धीमी होती दिखी, और उसके पीछे या उसे रोकने वाली कोई मोटरसाइकिल दिखाई नहीं दी। जबकि लोगों से भी लूट जैसी कोई वारदात होने के बारे में नहीं पता चला। मोबा. इल फोन का डंप डाटा भी खंगाला गया।

शक होने पर शिकायतकर्ता से पूछताछ की। जिसके बयानों में विरोधाभासों साफतौर पर दिखाई दिया। उसके मोबाइल फोन की तकनीकी जांच से पता चला कि वारदात से कुछ ही पल पहले वह अपने बेटे भारत के संपर्क में था। सख्ती से पूछताछ करने पर शिकायतकर्ता नरेश ने वारदात का खुलासा करते हुए बताया कि उसने झूठी लूट की कहानी रची थी और रुपये अपने बेटे को दे दिये थे। उसने माना कि अपने मालिक के प्रति मन में नाराजगी होने के कारण, उसने कैश चुराने की योजना बनाई थी। पैसे इकट्ठा करने के बाद, उसने भरत को छोटा गोल चक्कर इलाके में बुलाया, उसे कैश सौंप दिया, और फिर खुद ही कार का शीशा तोडकर लूट का झूठा नाटक रचा, ताकि वह पुलिस में झूठी शिकायत दर्ज करा सके। भरत का मोबाइल फोन वारदात के बाद से ही स्वीच ऑफ था। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता से भरत को सदर बाजार इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

# केशव पुरम के 'मिस्ट्री मैन' की पुलिस को तलाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केशव पुरम इलाके में एक महिला नीलम जैन की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर में घुसकर धमकी देने का मामला दर्ज किया गया। युवक सीसीटीवी में नजर आ रहा है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने उपकरण के साथ घर में घुसकर आपराधिक धमकी दी थी। यह घटना बीती नौ मई 2026 को हुई थी। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो की जांच की जा रही है। पुलिस ने शिकायतकर्ता नीलम जैन और अन्य संबंधित व्यक्तियों के बयान भी दर्ज किए हैं। आरोपी की पहचान की जा रही है। पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए विशेष टीमें तैनात की हैं। आरोपी की जल्द से जल्द पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि मामले की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की जा रही है। इसका उद्देश्य आरोपी की पहचान के लिए महत्वपूर्ण सुराग जुटाना है। शिकायतकर्ता और अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं।

## दिल्ली में बनेंगे नए बिजनेस डिस्ट्रिक्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला, द्वारका एवं रोहिणी को नए बिजनेस डिस्ट्रिक्ट के रूप में विकसित करने को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने डीडीए को निर्देश दिए हैं कि इन इलाकों के लिए समयबद्ध विकास योजना तैयार की जाए, ताकि आईटी, हेल्थकेयर, डाटा सेंटर और वेयरहाउसिंग जैसे सेक्टर यहां निवेश के लिए आकर्षित हो सकें और रोजगार के नए अवसर पैदा हों। उपराज्यपाल ने डीडीए के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में इन इलाकों में व्यापक विकास की संभावनाओं पर चर्चा की और एक ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।




**दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता मैसूर में आयोजित विधायी निकायों के लिए प्रक्रिया एवं कार्य संचालन के समान मॉडल नियम तैयार करने को लेकर पीठासीन अधिकारियों की समिति की बैठक में पहुंचे।**

# विधानसभाओं में एकरूप नियम लोकतांत्रिक जवाबदेही को करेंगे और सशक्त :विजेन्द्र गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डिजिटल विधान सभाओं और प्रौद्योगिकी आधारित शासन व्यवस्था के इस युग में विधायी प्रक्रियाओं में एकरूपता अब केवल अपेक्षित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक संस्थागत आवश्यकता बन चुकी है। प्रक्रियाओं के समन्वित नियम पारदर्शिता, कार्यपालिका की जवाबदेही तथा देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं में समरूपता को सुदृढ़ करने में मदद करेंगे, यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कर्नाटक के मैसूर में आयोजित "विधायी निकायों के लिए प्रक्रिया एवं कार्य संचालन के समान मॉडल नियम तैयार करने हेतु पीठासीन अधिकारियों की समिति" की प्रारंभिक बैठक में कही।

इस समिति की बैठक उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। इस सम्मेलन में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राम शिंदे, नागालैंड विधानसभा के अध्यक्ष शेरिंगैन लोंगकुमेर, हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष खादीर फरीद तथा दिल्ली विधानसभा के प्रतिनिधि शामिल हुए है। यह पहल देशभर की विधानसभाओं के लिए एक व्यापक प्रक्रियात्मक ढाँचा विक. सित करने की दिशा में एक समन्वित राष्ट्रीय प्रयास का हिस्सा है। गुप्ता ने पटना में हुए 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में लिए गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी संस्थागत सुधार है, जो देशभर की विधानसभाओं के कार्य संचालन में अधिक समन्वय, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करेगा।

## मिर्गी रोगियों के लिए एम्स में उन्नत सुविधा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एम्स नई दिल्ली के न्यूरोसाइंस सेंटर की न्यूरोबायोकेमिस्ट्री लैब ने मिर्गी रोगियों के लिए उन्नत चिकित्सीय औषधि निगरानी सुविधा शुरू की है। यह सुविधा ओपीडी और भर्ती रोगी दोनों के लिए उपलब्ध होगी। इसके अंतर्गत मिर्गी का दौरा रोकने वाली दवाओं लेवेटिरासेटम और लैमोट्रिजीन के औषधीय स्तर की सटीक जांच की जाएगी। संस्थान के अनुसार, इस सुविधा का उद्देश्य मिर्गी के उपचार को अधिक प्रभावी, सुरक्षित और रोगी-केंद्रित बनाना है।

इससे चिकित्सकों को रोगी की स्थिति के अनुसार दवा की मात्रा निर्धारित करने, उपचार के प्रभाव का आकलन करने और दवाओं के विषैले प्रभाव का समय रहते पता लगाने में सहायता मिलेगी।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के अंतर्गत SSE/P.WAY/SNP, SSE/P.WAY/PNP, SSE/P.WAY/SFDE के खंड में ट्रॉली प्रवासियों और सैंड हम्प्स का मानकीकरण। 2. सहायक मंडल अभियंता/करनाल के अंतर्गत SSE/P.WAY/KUN, SSE/P.WAY/KKDE, SSE/P.WAY/KLE के खंड में ट्रॉली प्रवासियों और सैंड हम्प्स का मानकीकरण। 3. सहायक मंडल अभियंता/पानीपत के अंतर्गत SSE/W/PNP और SSE/W/SNP के अधिकार क्षेत्र में जल निकासी, जल मार्गों की सफाई, LHS की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक रखरखाव। 4. सहायक मंडल अभियंता/करनाल के अंतर्गत SSE/W/KUN और SSE/W/KKDE के अधिकार क्षेत्र में जल निकासी, जल मार्गों की सफाई, LHS की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक रखरखाव। |
| 2. | अनुमानित लागत | 1. रु. 97,19,377.12/- 2. रु. 99,91,388.48/- 3. रु. 99,98,685.57/- 4. रु. 99,99,852.76/- |
| 3. | धरोहर राशि | 1. रु. 1,94,400/- 2. रु. 1,99,800/- 3. रु. 2,00,000/- 4. रु. 2,00,000/- बयाना राशि केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के रुप में होनी चाहिए। नोटः एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4. | समापन अवधि | क्रम संख्या 1 व 2: 09 महीने क्रम संख्या 3 व 4: 12 महीने |
| 5. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 05.06.2026 को 15:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 05.06.2026 को 15:00 बजे। |
| 6. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |
| 7. | समान प्रकार के कार्य | क्रम संख्या- 1 व 2 किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य। क्रम संख्या- 3 व 4 ट्रैक काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

नोटः- शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

पत्र संख्याः 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/26-27/डब्लू-I (NIT-05-08)
दिनांकः 11.05.2026 1577/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 60 हजार पौधों से हरा भरा होगा भाटी माइंस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के वन एवं वन्यजीव विभाग ने भाटी इलाके में हवा को शुद्ध करने और हरियाली बढ़ाने के लिए एक खास परियोजना तैयार की है। इसमें जापानी तकनीक मियावाकी का इस्तेमाल कर हजारों पौधे लगाए जाएंगे, जो बहुत कम समय में एक घने जंगल का रूप ले लेंगे।

इस परियोजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां केवल पारंपरिक तरीके से पेड़ नहीं लगाए जाएंगे, बल्कि एक वैज्ञानिक पद्धति का सहारा लिया जाएगा। वन विभाग के साउथ फॉरेस्ट डिवीजन ने तय किया है कि भाटी इलाके में 60,000 पौधे लगाए जाएंगे। इसमें 40,000 छोटे पेड़ (सपलिंग्स) और 20,000 तरह-तरह की झाड़ियां रोपी जाएंगी। मियावाकी तकनीक से लगाए गए पौधे सामान्य पौधों की तुलना में 10 गुना तेजी से बढ़ते हैं और 30 गुना ज्यादा घने होते हैं। इसका सीधा फायदा स्थानीय लोगों को मिलेगा, क्योंकि यह घना जंगल धूल को सोखने और ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने में किसी एयर प्यूरीफायर की तरह काम करेगा। पौधे लगाने के बाद उन्हें उनके हाल पर छोड़ना दिल्ली में आम बात है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने निस्वार्थ सेवा देने वाली नर्सों को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के अवसर पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने नर्सिंग समुदाय को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ ही मानवता की सेवा करने में उनकी समर्पित और संवेदनशील भूमिका की दिल खोलकर सराहना की।

दिल्ली के लोक नायक अस्पताल , एमएएमसी सभागार में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं है, बल्कि संवेदनशीलता और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि जब किसी बच्चे का जन्म होता है, तो मां के बाद सबसे पहले उस नवजात की देखभाल करने वाली नर्स होती है। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए नर्सिंग समुदाय को और अधिक मजबूत बनाने और उनका समर्थन करने के महत्व पर विशेष बल दिया। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने मरीजों की देखभाल में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि डॉक्टरों के साथ-साथ नर्सें भी हमारे स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। भावनात्मक सहारा देने से लेकर उपचार सुनिश्चित करने तक नर्सें मरीजों का आत्मविश्वास बढ़ाने और उनके ठीक होने के नतीजों को बेहतर बनाने में अपना अहम योगदान देती हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान पैदा हुई अभूतपूर्व चुनौतियों को याद करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि अगर नर्सिंग स्टाफ ने दिन-रात अथक सेवा नहीं किया होता तो दिल्ली की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता। उन्होंने आगे कहा कि संकट के समय में नर्सों ने अपने जीवन की परवाह किए बिना दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर रात-दिन लोगों की सेवा की। उनके इस योगदान को हमेशा बेहद सम्मान एवं कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा।मंत्री ने आगे बताया कि दिल्ली सरकार स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढ़ांचे को और अधिक मजबूत बनाने, नर्सों के बेहतर कल्याण और पेशेवर अवसरों को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। नर्सिंग पेशेवरों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हमारी सरकार ने नर्सिंग इंटर्न्स के स्टाइपेंड में ऐतिहासिक 27 गुना बढ़ोतरी को लागू किया है।

इसे महज 500 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 13 हजार 500 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। लगभग 27 वर्षों में यह पहली बार हुआ है जब इस स्टाइपेंड में संशोधन किया गया है मंत्री ने कहा कि जहां पिछली सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में नियमित भर्तियां करने में विफल रही, वहीं हमारी सरकार ने 1388 नर्सिंग अधिकारियों और 41 पैरामेडिकल कर्मचारियों की भर्ती की है।

# प्लॉट विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

## रंजिश के चलते घटना को दिया अंजाम, भाजपा जिला मंत्री सहित आठ के खिलाफ केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में युवक अतुल की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने भाजपा के जिला मंत्री सहित आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस नामजद आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। जानकारी के अनुसार गांव गालंद निवासी अतुल पुत्र योगेंद्र की सोमवार देर रात रिलायंस रोड पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक की मां मधु की तहरीर पर पुलिस ने भाजपा जिला मंत्री नवीन तोमर, मनजीत, बृजमो. हन और श्रीपाल समेत चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

परिजनों का आरोप है कि एक प्लॉट को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था और इसी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया। तहरीर में बताया गया कि सोमवार रात करीब 12 बजे अतुल अपने साथी अशोक के साथ कार से गांव लौट रहा था। इसी दौरान रिलायंस रोड पर आरोपियों ने उनकी कार को ओवरटेक कर रोक लिया। आरोप है कि कार रुकते ही नामजद आरोपी हथियार लेकर नीचे उतरे और अतुल को घेर लिया। स्थिति बिगड़ती देख अतुल का साथी अशोक किसी तरह मौके से जान बचाकर भाग निकला। इसी बीच बाइक सवार चार अन्य युवक भी वहां पहुंच गए और अतुल पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। परि. जनों के मुताबिक गोली लगने के बाद अतुल गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि हमलावरों ने उसकी कार में भी जमकर तोड़फोड़ की और मौके से फरार हो गए। घायल अतुल को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर गाजियाबाद रेफर किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। नामजद आरो. पियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों को लगाया गया है। बताया जा रहा है कि हाल ही में नवीन तोमर को भाजपा संगठन में जिला मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।







## हापुड़ में पीआरडी महिला जवान बनी बदमाशों का निशाना, मोबाइल और नकदी छीनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बदमाशों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। ड्यूटी पूरी कर घर लौट रही एक पीआरडी महिला जवान से बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन और नकदी छीन ली। वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

आरोपों के अनुसार, पीआरडी महिला जवान ड्यूटी समाप्त करने के बाद अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में बाइक पर आए दो बदमाशों ने उसे निशाना बना लिया। बताया गया कि बदमाश महिला जवान के हाथ से मोबाइल फोन और नकदी छीनकर तेज गति से फरार हो गए। अचानक हुई घटना से महिला जवान घबरा गई और शोर मचाया, लेकिन तब तक



आरोपित आंखों से ओझल हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के जांच शुरू कर दी है। वहीं वारदात के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके।

## रजापुर के पास नाले किनारे मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिंभावली थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब रजापुर गांव के पास नाले किनारे एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान बुलंदशहर जनपद के करोंजी गांव निवासी 25 वर्षीय शिवकुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि सुबह के समय कुछ ग्रामीणों ने नाले के पास युवक का शव देखा। पास जाकर देखने पर मामला संदिग्ध लगा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के आसपास जांच की तो कुछ दूरी पर एक बुलेट मोटरसाइकिल खड़ी मिली, जिसे कब्जे में ले लिया गया। पहचान होने के बाद पुलिस ने स्वजन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक की हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया। इस दौरान काफी देर तक मौके पर हंगामे की स्थिति बनी रही। परिजनों का कहना था कि शिवकुमार की मौत सामान्य नहीं है और मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।



घटना की सूचना फैलते ही आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने लोगों को शांत कराया और कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस हत्या और हादसे दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। सिंभावली पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वहीं बरामद मोटरसाइकिल और अन्य साक्ष्यों के आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## मिट्टी माफियाओं पर छापा, दो लोडर समेत चार वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खनन में लगे दो लोडर और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान खनन माफिया मौके से फरार हो गए। अचानक हुई इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में लंबे समय से अवैध मिट्टी खनन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों के आधार पर खनन विभाग की टीम ने क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान खेतों और खाली पड़ी जमीनों से बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। मौके पर मशीनों से मिट्टी की खुदाई कर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरकर सप्लाई की जा रही थी।




खनन अधिकारी की टीम को देखकर मौके पर मौजूद खनन माफिया वाहन छोड़कर फरार हो गए। टीम ने मौके से दो लोडर और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर जब्त कर लिया। अधिकारियों ने जब्त वाहनों को पुलिस की निगरानी में खड़ा करा दिया है। खनन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले में संबंधित लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## मॉडीफाई साइलेंसर लगाने वालों पर बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सड़क पर तेज धमाके की आवाज निकालने वाले मॉडीफाई साइलेंसर के खिलाफ प्रशासन ने मंगलवार को बाबूगढ़ क्षेत्र में बड़ा अभियान चलाया। उ.प्र. शासन और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने कई गैराजों पर औचक छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान बब्बू मिस्त्री की दुकान पर मॉडीफाई साइलेंसर लगी चार बुलेट मोटरसाइकिल पकड़ी गई, जिन्हें सीज कर दिया गया। साथ ही मौके से कई मॉडीफाई साइलेंसर भी जब्त किए गए।

अभियान में क्षेत्राधिकारी यातायात राहुल यादव, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे, यात्रीकर अधिकारी आशुतोष उपाध्याय, थाना प्रभारी बाबूगढ़ प्रवीण चौधरी और यातायात पुलिस की टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के बाद यह विशेष अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बब्बू मिस्त्री की दुकान पर कई बुलेट मोटरसाइकिलों में अवैध रूप से मॉडीफाई साइलेंसर लगाए जाने का मामला सामने आया। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चार बुलेट मोटरसाइकिलों को बाबूगढ़ थाने में सीज करा दिया। वहीं दुकान से बरामद सभी मॉडीफाई साइलेंसर भी जब्त कर लिए गए। प्रशासन ने गैराज संचालक पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए भविष्य में इस तरह का कार्य दोबारा न करने की कठोर चेतावनी दी। इसके अलावा अभियान के दौरान छह अन्य वाहनों का भी मॉडीफाई साइलेंसर लगाने पर चालान किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ऐसे वाहन चाल. कों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज से बुजुर्ग, बच्चे और मरीज प्रभावित होते हैं, वहीं सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक भी अचानक घबराकर हादसे का शिकार हो सकते हैं। उन्होंने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने वाहनों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही रखें



और किसी भी प्रकार का अवैध मॉडीफिकेशन न कराएं। परिवहन विभाग द्वारा आगे भी जिलेभर में लगातार अभियान चलाए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सीज, भारी जुर्माना और लाइसेंस निलंबन जैसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## शुभ संयोगों से सजा सप्ताह, एकादशी से शनि जयंती तक धार्मिक पर्वों की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** इस सप्ताह धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण संयोग बन रहे हैं। एकादशी व्रत, प्रदोष व्रत, वृष संक्रांति, शनि जयंती, शनि अमावस्या और वट सावित्री व्रत जैसे बड़े पर्वों के साथ 17 मई रविवार से पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) का भी शुभारंभ हो जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह पूरा सप्ताह पूजा-पाठ, दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए विशेष फलदायी माना जा रहा है। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित के सी पाण्डेय काशी वाले ने बताया कि इस बार ग्रह-नक्षत्रों के विशेष योग के कारण सप्ताह का प्रत्येक दिन धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पुण्यदायी है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को इन शुभ अवसरों का लाभ उठाकर व्रत, दान, जप, तप और भगवान की आराधना करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अपरा एकादशी तिथि 12 मई को अपराह्न 2 बजकर 52 मिनट से प्रारंभ होकर 13 मई को दोपहर 1 बजकर 30 मिनट तक रहेगी। ऐसे में शास्त्र सम्मत रूप से अपरा एकादशी का व्रत 13 मई बुधवार को रखा जाएगा। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना और व्रत करने से समस्त पापों का नाश होकर पुण्य की प्राप्ति होती है। पंडित के सी पाण्डेय ने बताया कि त्रयोदशी तिथि 14 मई को सुबह 11 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ होकर 15 मई की सुबह 8 बजकर 31 मिनट तक रहेगी। प्रदोष काल में त्रयोदशी तिथि प्राप्त होने के कारण प्रदोष व्रत 14 मई गुरुवार को रखा जाएगा। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा की जाएगी तथा व्रती महिलाएं संध्या बेला में विधि-विधान से पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगी। उन्होंने कहा कि 15 मई शुक्रवार को वृष संक्रांति का पुण्यकाल रहेगा। इस अवसर पर श्रद्धालु गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों में स्नान कर दान-पुण्य करेंगे। संक्रांति पर तिल, वस्त्र, अन्न और धन का दान विशेष फलदायी माना गया है। पंडित के सी पाण्डेय ने बताया कि 16 मई शनिवार का दिन कई महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों का साक्षी बनेगा। मंदिरों में विशेष अनुष्ठान और भंडारों का आयोजन भी होगा। उन्होंने कहा कि 17 मई रविवार से पुरुषोत्तम मास प्रारंभ हो जाएगा, जिसे अधिक मास भी कहा जाता है। सनातन धर्म में इस मास को भगवान विष्णु को समर्पित माना गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस पूरे सप्ताह और आगामी पुरुषोत्तम मास में धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें और पुण्य लाभ अर्जित करें।



## इस साल गुम हुए करीब दो करोड़ के मोबाइल बरामद

'kkg VkbEl laoknnkrk

eFkqjkA सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से सर्विलांस सेल ने विभिन्न थाना क्षेत्र से गुम हुए 527 मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। जिनकी कुल कीमत लगभग दो करोड़ है।

गुम हुए मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामियों के सुपुर्द किया जा रहा है।

मंगलवार को जनपद मथुरा के विभिन्न विभिन्न थानों से 26 जनवरी .2026 से 11 मई 2026 के बीच गुम हुए मोबाइलों को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से सर्विलांस सैल द्वारा जनपद के सीमावर्ती राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित करते हुये गुम हुए 527 मोबाईल फोन (कुल कीमत लगभग 02 करोड़ रुपये) बरामद किये गये। मोबाइल स्वामियों द्वारा मोबाइल फोन पाकर मथुरा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

वृंदावन में 207, जैत 11, पर्यटन थाना 37, राया 11, कोतवाली 35, बलदेव 10, कोस. ीकलां 33, गोविन्दनगर 09, छाता 27, रिफाइनरी 09, गोवर्धन 25, नौहझील 08, महावन 20, जमुनापार 09, फरह 17, मगोर्रा 03, बरसाना 13, शेरगढ़ 03, सुरीर 13, सदरबाजार 03, माट 11, हाईवे 13 थानावार गुम हुए मोबाइल बरामद किये गये हैं जिनकी कुल संख्या 527 है।

## के.एम. वश्वविद्यालय में 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' का भव्य आयोजन: सशक्त नर्सें ही बचाती हैं जीवन

'kkg VkbEl laoknnkrk

eFkqjkA स्वास्थ्य जगत में नर्सों के निस्वार्थ योगदान और समर्पण को सम्मान देने के लिए के.एम. विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस एवं फ्लोरेंस नाइटिंगल की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस वर्ष यह आयोजन 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।'

की विशेष थीम पर आधारित रहा, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणाली में नर्सों की भूमिका को और अधिक सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी की धर्मपत्नी संजू चौधरी ने केक काटकर और नर्सिंग स्टाफ का उत्साहवर्धन करते हुए किया। उन्होंने अपने संबोधन में नर्सों को अस्पताल की 'मौन शक्ति' बताते हुए कहा दवाइयों से तो सिर्फ बीमारी ठीक होती है, पर नर्सों की मुस्कुराहट और सेवा से इंसान का हौसला जागता है। आपके पास मरीज उम्मीद लेकर आता है, उसे स्नेह से संभालना आपकी जिम्मेदारी है। पैसा कमाना ही सब कुछ नहीं, अपनी सेवा से दुआएं कमाना भी जरूरी है।' इस मौके पर बेहतरीन कार्य करने वाले नर्सिंग इंचार्ज रंजीत चौधरी, गजेंद्र सिंह परिहार, प्रकाश बघेल, करन चौधरी, पवन बंसल, राजधानी, अंजू, घनश्याम और देवेंद्र को चांसलर की धर्मपत्नी ने प्रमाण पत्र एवं पटुका पहनाकर सम्मानित किया। कुलपति डॉ. एन.सी. प्रजापति ने कहा डॉक्टर मरीज को जीवनदान देते हैं, लेकिन नर्स उस जीवन को जीने का सहारा देती हैं।



## जी.एम. नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

xkS/kuA जीएम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में मंगलवार को अंत. रराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विनेश कुमार सनवाल पीएलवी, महेंद्र प्रताप गौतम, मिहिर कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को नर्सिंग सेवा एवं सामाजिक दायित्वों की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से उपस्थित अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को नागरिक अधिकार, साइबर अपराध से बचाव, राष्ट्रीय लोक अदालत, निःशुल्क कानूनी सहायता तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा संबंधी कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में ए.एन.एम. एवं जी. एन. एम. के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिनकी सभी अतिथियों ने सराहना की। कॉलेज डायरेक्टर बी.बी. शर्मा ने कहा कि 12 मई का दिन नर्सिंग कर्मियों को समर्पित है। नर्सें स्वास्थ्य सेवा की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो रोगियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से राहत पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उनका सेवाभाव समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। कॉलेज सचिव डॉ. बिन्देश दीक्षित ने बताया कि 12 मई महान नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिवस को समर्पित है। नर्सिंग क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से वर्ष 1974 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज द्वारा प्रत्येक वर्ष 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य चंचल कुमार सैनी, डॉ. ललित कुमार, डॉ. धर्मेश, डॉ. अविनाश, विशाल सिंघल, गुरुदेव, रामकुमार सैनी, सागर शर्मा, मनोज समाधिया, बलदेव सैनी सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## किशोरी की आत्महत्या के बाद पुलिस कार्यवाही पर उठे सवाल

eFkqjkA 16 वर्षीय किशोरी की आत्महत्या के मौन शब्दों की चीत्कार में कई सवाल गूंज रहे हैं। पुलिस की निरंकुशता और नगर निगम की लापरवाही, बावजूद इसके इन सवालों का जवाब कोई ढूंढने की कोशिश करे। यमुना में नाव दुर्घटना में हुईं 16 मौतों के बाद भी जिला प्रशासन सजग नहीं हुआ है। 16 मौतों की जांच भी हो रही है लेकिन शायद ही किसी पर कोई आंच आये।

मथुरा के यमुना पार थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक किशोरी ने यमुना नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान डेगरा निवासी खुशी (16) पुत्री हो. शियार सिंह के रूप में हुई है। परिवार के अनुसार, घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी बीच पड़ोस के एक व्यक्ति ने डायल 112 पर सूचना दे दी। आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने परिवार के लोगों के साथ अभद्रता की और खुशी के पिता व भाई को थाने ले गई, जबकि खुशी और उसकी दादी को घर पर छोड़ दिया गया। परिजनों का कहना है कि इस घटना के बाद खुशी मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई थी। परिजन अमन के मुताबिक, परिवार के सदस्य खुशी को लगातार समझाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन देर रात वह घर से निकल गई। रात करीब 12 से 1 बजे के बीच खुशी यमुना नदी के लोहे के पुल पर पहुंची और नदी में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर यमुनापार थाना पुलिस, कोतवाली पुलिस और प्रशास. निक अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम ऊषा सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी ली।

### एक नजर

## बदहाली के आंसू रो रहा चौमुहां-सिहाना मार्ग, गहरे गड्ढों में हिचकोले खा रहे राहगीर

pkSegka ¼eFkqjk½] okrkA चौमुहाँ-सिहाना मार्ग इन दिनों बदहाली के आंसू रो रहा है। मार्ग पर जगह-जगह हुए गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन गए हैं। अकबरपुर फाटक पर फ्लाईओवर निर्माण कार्य चलने के कारण इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव कई गुना बढ़ गया है, जिससे सड़क की स्थिति और भी ज्यादा भयावह हो गई है। यह मार्ग केवल स्थानीय ग्रामीणों के लिए ही नहीं, बल्कि ब्रज दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी महत्वपूर्ण है। दिल्ली-आगरा नेशनल हाईवे से गोवर्धन, बरसाना और नंदगाँव जाने वाले श्रद्धालु इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। वर्तमान में फ्लाईओवर के काम की वजह से हाईवे का ट्रैफिक भी इसी ओर डायवर्ट है, जिससे छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें यहाँ लगी रहती हैं। सड़क पर कई फीट गहरे गड्ढे बन चुके हैं। वाहनों के गुजरने से उड़ती धूल और गड्ढों के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। रामवीर सिंह ने बताया कि रेलवे फाटक बंद होने और फ्लाईओवर निर्माण की वजह से सारा लोड इसी सड़क पर है। सड़क कई जगह से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे वाहनों को निकालने में काफी परेशानी होती है। सतेंद्र सिसोदिया ने बताया यह मार्ग श्रद्धालुओं के आवागमन का मुख्य केंद्र है। प्रशासन को पता है कि अकबरपुर फाटक बंद होने से यहाँ दबाव बढ़ेगा, फिर भी मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। गड्ढों की वजह से गाड़ियों में भी नुकसान हो रहा है। किसान गोपीचंद ने बताया सड़क की हालत इतनी खराब है कि पैदल चलना भी दूभर है। आगामी समय में होने वाली बारिश से इन गड्ढों में जलभराव होगा, जिससे गहराई का अंदाजा नहीं लग पाएगा और लोग हादसों का शिकार होंगे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मार्ग की मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल, जर्जर सड़क और धूल के गुबार ने स्थानीय निवासियों और राहगीरों का जीना मुहाल कर रखा है।

## ईओ व चेयरमैन को सौंपे ज्ञापन

**नहटौर।** नगर पालिका सभासदों ने पालिका ईओ व चेयरमैन को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे हैं। भाजपा के लेटरहेड पर लिखे गए ज्ञापनों में गृह कर और आवारा पशुओं के आतंक से संबंधित जनहित के मुद्दे उठाए गए हैं। सभासदों ने नगर पालिका द्वारा लगाए गए गृहकर पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा है कि यह टैक्स किस शासनादेश से लगाया गया है और इसकी नियमावली तथा प्रमाणित प्रतिलिपि की मांग की है। सभासदों ने इस बात पर भी असंतोष व्यक्त किया कि बांटे जा रहे टैक्स नोटिसों पर किसी सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर या मुहर नहीं है, जिसे उन्होंने एक गंभीर विषय बताया।

# किसानों को सरकार छलने ठगने का कर रहीं काम: राकेश टिकैत

## पुट्ठी इब्राहिमपुर में गरजे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर में भाकियू टिकैत की एक विशाल जनसभा का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभा में पहुंचे भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों में जोश भर दिया। सभा में कई लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई, और सरकार पर जमकर बरसे। बताते चले कि मंगलवार को गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर में भाकियू टिकैत की विशाल सभा का आयोजन किया गया। सभा में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी मौजूद रहे। राकेश टिकैत ने कहा कि इस क्षेत्र का गाजीपुर आंदोलन में भी बड़ा योगदान रहा है। समय समय पर यहां से लोग वहां जाते रहे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा किसानों के प्रति ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ जो हाल में सरकार ने समझौता किया है वह किसानों को बर्बाद कर देगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता हमारी आर्थिक बर्बादी के साथ साथ हमारा धर्म भी भ्रष्ट कर देगा। क्योंकि अमेरिका से पशुओं का जो फीड आएगा वह मांसाहारी होगा और मांसाहारी फीड जब हम अपने पशुओं को खिलाएंगे तो उनका दूध भी कैसे शुद्ध रह जाएगा। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले सेब के कारण भारत के तीन राज्य कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड का ऊपरी क्षेत्र बर्बाद हो जाएगा। इसी तरह से बाहर से आने वाली मक्का से पंजाब और हरियाणा बर्बाद होने के कगार पर है। क्योंकि बाहर से आने वाली मक्का के कारण फसल के भाव अत्यधिक नीचे गिर गए है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सरकार सीड बिल लाने वाली है वह भी किसानों को बर्बाद करने का ही काम करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार हर तरह से किसान को बर्बाद करना चाहती है अगर जान बचानी है तो अपनी लड़ाई अपने आप लड़नी होगी। उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर भी जोर दिया। इस दौरान अनुपम देओल को जिला महासचिव तथा हरचंद सिंह को समिति अध्यक्ष घोषित किया गया। जिनका संगठन में पटका पहनाकर स्वागत किया गया। सभा के दौरान ग्रामवासियों ने निर्माणाधीन हाईवे पर पुट्ठी में कट न होने की बात कहते हुए यहां पर कट दिलाए जाने की मांग की। जिस पर राकेश टिकैत ने कहा कि आप लोग तैयारी करो किसान यूनियन इसकी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने का दौरान देवल गुरुद्वारे के सामने हाईवे पुल के लिए लड़ी गई लड़ाई की भी याद दिलाई कि वहां पर जान बुझ कर सड़क में घुमाओ दिया गया था। ताकि गुरुद्वारे की दीवार तोड़ी न जाये। लेकिन किसान यूनियन ने वहां 4 महीने आंदोलन किया और यह लड़ाई जीती। सभा के दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष नवीन राठी, चौधरी उदयवीर सिंह, जानसठ ब्लॉक अध्यक्ष योगेश बालियान, अशोक घटायन, पूर्व प्रधान हाकम सिंह, सर्वजीत सिंह, कुंवर देवेंद्र सिंह, सुरेशपाल, अनुपम देओल, रफत प्रधान, महबूब प्रधान, सुभाषचन्द, जगदीप उर्फ दीप्पा, रामपाल सिंह, अमित धारीवाल, रजत धारीवाल, सुभगवीर सिंह मान, राजुदीन खान, बलवीर सिंह, बलदेव सिंह, गुरदेव सिंह, सचिन देशवाल, प्रशांत देशवाल, टीटू नरवाल, सरदार जीवन आदि मौजूद रहे।



जनसभा को सम्बोधित करते भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत।


राकेश टिकैत को तलवार भेंट कर सम्मानित करते कार्यकर्ता।

### 15 जुलाई तक राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सिद्धान्त शर्मा ने सूचित करते हुये बताया कि 3 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन हेतु, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजको, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था हेतु, प्रेरणा स्रोत हेतु, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिए, दिव्यांगजन हेतु 'बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाए प्रदान करने वाला सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग व्यस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका हेतु, सर्वश्रेष्ठ ब्रेल प्रेस के लिए, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिए निम्न श्रेणी में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किये जाने हेतु आवेदन आमन्त्रित किये जाते है।

# अज्ञात चोरों ने डीजे की गाड़ी को बनाया निशाना, हजारों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर से मोहल्ला वसी विरान में अज्ञात चोरों ने घर में खड़ी टाटा 407 में लगे डीजे में घुसकर हजारो रुपये की चोरी कर फरार हो गये। पीड़ित ने थाने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

थाना पर तहरीर देते हुए मोहल्ला बसी वीरान निवासी गौरव पुत्र चंद्रपाल ने बताया कि उसकी डीजे की गाड़ी झुनझुनी बाईपास तीराहे में स्थित घेर में खड़ी हुई थी। सोमवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने डीजे की गाड़ी में घुसकर हजारो रुपये के डीजे बजाने के उपकरण चोरी कर फरार हो गये। जब सुबह घेर में जाकर देखा तो डीजे की गाड़ी में लगे खिड़की टूटीं हुई मिली, तो उसमें चढ़कर देखा तो डीजे बजाने के उपकरण गायब थे। उन्होंने आसपास जंगलों में देखा तो डीजे में लगे प्लास्टिक की जाली एवं गत्ते पड़े हुए मिले। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी हुई है। थाना प्रभारी रविंद्र पंवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों को पड़ककर मामले का खुलासा किया जाएगा।






# अपर महानिदेशक 71 यूपी बटालियन एनसीसी का सिटी वोकेशनल स्कूल में दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश के अपर महा. निदेशक मेजर जनरल गौरव गौतम (वीएसएम) एनसीसी ग्रुप मुख्यालय मेरठ का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां पर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय मेरठ के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पदम सिंह जांगू (सेना मेडल) ने उनका स्वागत किया। वहां एनसीसी स्टाफ से मुलाकात करने के बाद एडीजी 71 यूपी बटालियन एनसीसी पहुंचे। एनसीसी ऑफिसर डॉ. विजयपाल सांवरिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में मेरठ, मवाना और मुजफ्फरनगर सहारनपुरके लगभग 500 कैडेट्स को एडीजी मेजर जनरल गौरव गौतम ने संबोधित किया। इनडोर शूटिंग क्लब के बारे में जानकारी हासिल की। अपने संबोधन में मेजर जनरल गौरव गौतम ने कहा कि एनसीसी का प्रशिक्षण युवाओं को चुनौतियों का सामना करना सिखाता है। इसके साथ साथ एनसीसी व्यक्तित्व निर्माण की एक महत्वपूर्ण इकाई है। एनसीसी शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ टीम भावना, आत्मविश्वास और राष्ट्र की सेवा भावना का विकास युवाओं में करती है। सामाजिक सेवा मूल्यों को विकसित करती है। कैडेट्स में अनुशासन, समर्पण और देश सेवा की भावना का विकास करती है। कैडेट्स के आने वाले भविष्य को सफल और साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ब्रिगेडियर पदम सिंह जांगू ने कहा कि कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है। कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि कैडेट्स एनसीसी के कठिन प्रशिक्षण और नेतृत्व के बल पर समाज को एक नई दिशा प्रदान करें। युवाओं से ही मजबूत और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है और एनसीसी दुनिया के सबसे युवा संगठन के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एनसीसी का ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन के माध्यम से कैडेट्स समाज और राष्ट्र निर्माण में लगातार योगदान दे रहे हैं।




# भारतीय किसान यूनियन शक्तिमंच की बैठक में उठे आवारा पशु, स्मार्ट मीटर और बिजली संकट के मुद्दे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर/मुंडाल।** ग्राम सरवानी में भारतीय किसान यूनियन शक्तिमंच की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किसानों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर मंथन किया। बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर जोरदार आवाज उठाई गई और प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आवारा पशु किसानों की मेहनत पर लगातार पानी फेर रहे हैं। खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो रही हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। संगठन ने प्रशासन से आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाने की मांग की। इसके साथ ही स्कूल फीस और किताबों की कथित कालाबाजारी पर भी चिंता जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि निजी स्कूल अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में स्मार्ट मीटर व्यवस्था का भी विरोध किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटरों के कारण उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है, इसलिए इस व्यवस्था पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। किसानों की बिजली समस्या को लेकर भी संगठन ने बड़ा मुद्दा उठाया। वक्ताओं ने मांग की कि किसानों के खेतों को वर्तमान में मिलने वाली 10 घंटे की बिजली आपूर्ति बढ़ाकर कम से कम 18 घंटे किया जाए, ताकि सिंचाई कार्य प्रभावित न हो। साथ ही किसानों को डीएपी और यूरिया पारंपरिक व्यवस्था के तहत सरलता से उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय संस्थापक दिलशाद चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा मसरूफ अली, राष्ट्रीय महासचिव सानूर चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष इमरान चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री आफाक चौधरी, प्रदेश सचिव वसीम चौधरी समेत कई जिलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# इत्तेफाक नगर में कपड़े के गोदाम में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के इत्तेफाक नगर स्थित उस्मानिया मस्जिद के पास मंगलवार तड़के कपड़ों के गोदाम में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में करीब चार लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

इत्तेफाक नगर निवासी सईद धोबी का दो मंजिला मकान उस्मानिया मस्जिद के पास स्थित है। इस मकान में वह कपड़े धोने की मशीनें और धुलाई के लिए आने वाले टेंट व अन्य कपड़े रखता था। जबकि सईद अपने परिवार के साथ कुछ दूरी पर स्थित दूसरे मकान में रहता है। मंगलवार सुबह करीब 4:45 बजे अचानक गोदाम से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। आसपास के लोगों ने शोर मचाकर अन्य लोगों को जगाया और तुरंत पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग लगने के दौरान गोदाम में रखे बड़ी मात्रा में कपड़े, मशीनें और अन्य सामान जलकर राख हो गए। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद आग को आसपास के मकानों तक फैलने से रोक लिया। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि सईद का कहना था कि उसके मकान में बिजली का कनेक्शन नहीं था किसी ने रंजिशन उसके मकान में आग लगाई है। वहीं फायर ब्रिगेड के अधिकारियों और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


इंटरनेट से लिया गया फोटो।

# सुभारती विवि में 'परिधान निर्माण प्रौद्योगिकी' पर विशेष व्याख्यान, विद्यार्थियों को मिला फैशन उद्योग की आधुनिक तकनीकों का ज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्व. विद्यालय, मेरठ के नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन के फैशन एंड टेक्सटाइल डिजाइन विभाग द्वारा फाइन आर्ट्स संकाय के अमृता शेरगिल कॉन्फ्रेंस हॉल में 'परिधान निर्माण प्रौद्योगिकी' विषय पर एक प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को फैशन उद्योग की आधुनिक तकनीकों, औद्योगिक प्रक्रियाओं और करियर संभावनाओं से अवगत कराया गया।

इस अतिथि व्याख्यान का आयोजन प्रो. (डॉ.) पिंटू मिश्रा, डीन, नंदलाल बोस सुभारती कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एंड फैशन डिजाइन तथा डॉ. नेहा सिंह, विभागाध्यक्ष, फैशन एंड टेक्सटाइल डिजाइन विभाग के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विशाल त्रिवेदी, सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर, एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, एमिटी यूनिवर्सिटी रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में अपैरल मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रियाओं, औद्योगिक उत्पादन प्रणालियों, गुणवत्ता नियंत्रण उपायों, में हो रही नवीन तकनीकी प्रगति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को कौशल विकास, औद्योगिक अनुभव और नवाचार के महत्व को समझाते हुए फैशन उद्योग में उपलब्ध व्यापक अवसरों से परिचित कराया। व्याख्यान के दौरान उपस्थित फैकल्टी सदस्यों में श्रद्धा यादव, डॉ. सुरभि दास, अनीश आनंद, देवसुनी एवं चंद्रशेखर आर्य सहित विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए उद्योग से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका जवाब डॉ. विशाल त्रिवेदी ने विस्तारपूर्वक दिया। इस अवसर ओर विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने अपने संद. श में कहा कि वर्तमान समय में फैशन एवं परिधान उद्योग तेजी से तकनीकी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। ऐसे विशेषज्ञ व्याख्यान विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं और नवीनतम तकनीकों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

वहीं विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. (डॉ.) शल्या राज ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं व्यावसायिक दक्षता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, नवाचार अपनाने और उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को विक. सित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आयोजन समिति को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। यह सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत संवादात्मक, प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। डॉ. विशाल त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं को समझने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें अपैरल मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में करियर के अवसरों एवं व्यावसायिक विकास के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं समूह छायाचित्रों के साथ सफलतापूर्वक हुआ। विभाग ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्व. विद्यालय प्रशासन, फैकल्टी सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग और सहभागिता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।




# उधार के रुपये मांगने पर कारोबारी को मिली जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** उधार दिए गए रुपये वापस मांगना एक बुजुर्ग कारोबारी को भारी पड़ गया।

आरोप है कि रुपये मांगने पर आरा. पी पक्ष ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। तहसील स्वार के मोहल्ला काशीपुर निवासी यामीन पुत्र नजाकत ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह मानपुर उत्तरी में प्लास्टिक और गल्ले का कारोबार करते हैं। उनकी जान-पहचान बिजारखाता निवासी जमील अहमद से थी। करीब पांच वर्ष पहले जमील अहमद ने उनसे परेशानी बताकर 25 हजार रुपये उधार लिए थे। पीड़ित के अनुसार कई वर्ष बीतने के बाद जब उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी पक्ष भड़क गया। आरोप है कि मंगलवार सुबह करीब आठ बजे जमील अहमद उनकी दुकान पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए हंगामा करने लगा। घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद होने की बात कही गई है।

आरोप है कि कुछ देर बाद जमील अहमद का पुत्र सकलेन भी मौके पर पहुंच गया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी पक्ष फोन पर भी लगातार धमका रहा है और झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कह रहा है। यामीन ने बताया कि वह उम्रद. राज हैं और रोजाना मानपुर उत्तरी से स्वार अपने घर आते-जाते हैं। लगातार मिल रही धमकियों से वह और उनका परिवार दहशत में है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



### सूचना

**मुकदमा नं.-633**

नाम मौ. सुहेल पुत्र मुबारिक अली उर्फ कलवा ग्राम पिपलेड़ा जिला हापुड़ तुमको सूचित किया जाता है। तुम्हारी पत्नि रोशन जहाँ पुत्री अफजाल अहमद निवासी शौन्दत थाना किला, जिला मेरठ तुम्हारे खिलाफ एक मामला महकमा-ए-शरिया जिला मेरठ में दाखिल किया है कि कई सालों से तुमने अपनी पत्नी के हुकूक अदा नहीं किए हैं। इस सिलसिले में तुम्हारे घर के पते पर दो नोटिस एक दस्ती भेजे गए जिसको तुमने वसूल कर लिया फिर भी तुम महकमा-ए-शरिया ने हाजिर नहीं हुए अब इस अखबारी और आखरी इत्तिला के जरिये तुमको सूचित किया जाता है कि इस अखबारी इत्तिला के प्रकाशित होने के एक माह के अन्दर जवाबदेही करो। अगर तुमने कोई तवज्जो नहीं की तो तुम्हारी लापरवाही की वजह से तुम्हारी कोई बात काबिले कुबूल नहीं होगी और न ही कोई उर्ज कुबूल किया जाएगा।

**-मौलाना खुर्शीद अहमद कासमी जनरल सेक्रेट्री महकमा शरिया शाही जामा मस्जिद, जिला मेरठ।**

